दिनांकः 13.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन साल पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की है और विभिन्न क्षेत्रों के तेज तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के अबाधित एकीकरण से संभार–तंत्र मजबूत हुआ है, विलम्ब में कमी आई है और बहुत से लोगों के लिए नये अवसरों का सृजन हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति से विकसित भारत के सपने को साकार करने में गति मिल रही है और इससे प्रगति, उद्यमिता और नवाचार को बढावा मिलेगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने आज हैदराबाद स्थित राजभवन में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात की। श्री वर्मा ने श्री बागडे का अभिनंदन करते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। इस दौरान दोनों ने विभिन्न संवैधानिक और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इन दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

000

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आज भी प्रदेश में कई जगह पथ संचलन किया गया। भरतपुर के चार उपनगर क्षेत्रों में शस्त्र पूजन के बाद स्वयं सेवकों ने मुख्य मार्गों से होते हुए मार्च पास्ट निकाला। इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। उधर, झालावाड़ के झालरापाटन में शुरू हुआ पथ संचलन शहर का भ्रमण करते हुए मुख्य बाजारों से गुजरा।

000

भरतपुर में चल रही जसवंत प्रदर्शनी और पशु मेला परवान पर है। मेले में शामिल होने के लिए दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के भी आयोजन हो रहे हैं। वहीं पशु और पशुपालकों की भी कई स्पर्धाएं आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। मेले में राजस्थान के अलावा, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश के व्यापारी पशुओं की खरीद फरोख्त के लिए पहुंचे हैं। मेले में आयुर्वेद विभाग की ओर से रोजाना आमजन के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम रखा जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज के लिए शिविर भी लगाया गया है।

000

प्रदेश में दक्षिणी जिलों सहित पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं बीते 24 घंटों के दौरान बारिश की गतिविधियां बनी रहीं। सर्वाधिक 9 सेंटीमीटर बरसात उदयपुर के डबोक में दर्ज की गयी। संभाग के जिलों में भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के समाचार हैं।

भीलवाडा में आज सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर बना हुआ है। जिले के मांडलगढ, आसींद, रायला, गुलाबपुरा और गंगापुर में रुक–रुक कर बरसात हो रही है।

इस बीच, मौसम विभाग ने पूर्वी हवाओं के प्रभावी होने से आज और कल दक्षिणी और दक्षिण–पूर्वी राजस्थान के जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर और जयपुर संभाग तथा आसपास के क्षेत्रों में कहीं–कहीं बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियां 15 अक्टूबर को भी जारी रहने की संभावना है। इस बीच, पश्चिमी भागों में दिन के तापमान में बढोतरी देखी गई। सर्वाधिक 38 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में दर्ज किया गया। दूसरी ओर शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में सुबह और शाम के समय गुलाबी ठंड का अहसास बढ गया है। सबसे कम 18 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रात का तापमान सीकर में दर्ज किया गया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000